**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक–20.06.2025 (संध्या–1900 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कल झारखंड समेत देश भर में योगाभ्यास कार्यक्रम होंगे आयोजित, रांची के बिरसा मुंडा फन पार्क और योगदा सत्संग कॉलेज में होगा सामूहिक योग आयोजन**
2. **केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने देवघर में वन स्टॉप सेंटर और रिमांड होम का किया निरीक्षण, महिला एवं बाल सुरक्षा को प्राथमिकता बताते हुए केंद्रों की नियमित निगरानी के दिए निर्देश।**
3. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक में खूंटी जिले में महिला महाविद्यालय के लिए 97 करोड़ रुपए सहित कुल 26 प्रस्तावों को दी गइ मंजूरी ।**
4. **आकाशवाणी की महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने रांची केंद्र का किया दौरा, आकाशवाणी रांची से प्रसारित महिला, बाल एवं युवा कार्यक्रमों को बताया समाज के लिए उपयोगी।**
5. **झारखंड में मानसून की पहली बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त, रामगढ़ और खूंटी में पुल बहने और नदियों के उफान से संपर्क टूटा, पलामू प्रशासन ने 112 डायल करने की अपील की।**

**********************

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में कल झारखंड समेत देशभर में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम में होने वाले आयोजन में शामिल होंगे।

इधर रांची के बिरसा मुंडा फन पार्क में कल सुबह साढ़े पांच बजे से कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित होगा। साथ ही सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय का केंद्र संचार ब्यूरो द्वारा भी कल सुबह 11 बजे से रांची के योगदा सत्संग महाविद्यालय में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके पूर्व आज आयोजित हुये जागरूकता कार्यक्रम मे छात्रों के बीच लेखन एवं चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित की गई।

**********************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आज देवघर का दौरा कर सदर अस्पताल के वन स्टॉप सेंटर और रिमांड होम का निरीक्षण किया। मौके पर मंत्री ने कहा कि महिला एवं बाल सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है और संबंधित केंद्रों की नियमित निगरानी होनी चाहिए।

गौतलब है कि वन स्टॉप सेंटर में रह रही पीड़ित महिलाओं को चिकित्सा, काउंसलिंग, सुरक्षा और कानूनी सहायता दी जा रही है।

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक हुई जिसमें रांची यूनिवर्सिटी के तहत खूंटी में महिला महाविद्यालय के लिए 97 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई। इसके साथ ही ईचागढ़ में डिग्री कॉलेज के लिए 38 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई। राज्य की गृह सचिव वंदना दादेल ने बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के लिए 3 करोड रुपए प्रतिवर्ष, झारखंड राजकीयकृत विद्यालय नियमावली, झारखंड राज्य चिकित्सा परिषद संशोधन नियमावली सहित कुल 26 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

**********************

पाकुड़ में आयोजित तीन दिवसीय 69वीं क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट का समापन पुलिस महानिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिन्हा की उपस्थिति में हुआ। इस दौरान फॉरेंसिक साइंस, क्राइम इन्वेस्टिगेशन, डॉग स्क्वाड टेस्ट जैसे विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस अधिकारियों और जवानों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में आईजी ने कहा कि इस मीट का उद्देश्य अनुसंधान के वैज्ञानिक पहलुओं को मजबूती देना है ताकि अपराधियों को सजा दिलाई जा सके।

**********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज रांची स्थित राजभवन में आयोजित बंगाल स्थापना दिवस समारोह में झारखंड में रह रहे बंगाली समुदाय को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विविधता में एकता भारत की सबसे बड़ी शक्ति है और एक भारत, श्रेष्ठ भारत अभियान इसी भावना को सुदृढ़ करता है।

**********************

आकाशवाणी और आकाशवाणी समाचार की महानिदेशक डॉक्टर प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने आज आकाशवाणी रांची केंद्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र के विभिन्न विभागों और स्टूडियो का निरीक्षण किया और अधिकारियों एवं कर्मचारियों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि रांची केंद्र से प्रसारित होने वाले महिला, बाल और युवा केंद्रित कार्यक्रम समाज के लिए अत्यंत उपयोगी और प्रभावशाली सिद्ध हो रहे हैं।

इससे पहले उन्होंने आज रांची में आकाशवाणी के सीबीएस स्टेशनों–बिक्री प्रभाग के पूर्वी क्षेत्र की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के सीबीएस स्टेशनों ने भाग लिया।

**********************

झारखंड में मानसून की पहली बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। रामगढ़ जिले के चितरपुर और दुलमी प्रखंड को जोड़ने वाले कोची नाले का पुल आज तेज बहाव में बह गया, जिससे दर्जनों गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय से कट गया है।

इधर खूंटी–सिमडेगा मुख्य मार्ग पर पेलोल पुल टूटने की जांच के लिए झारखंड पथ निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता मनोहर कुमार ने टीम के साथ स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पुल टूटने के पीछे भारी बारिश और संभावित तकनीकी खामियों की जांच की जा रही है।

**********************

पलामू में लगातार बारिश की वजह से कोयल और सोन नदी उफान पर हैं, जिसे देखते हुए पुलिस को अलर्ट पर रखा गया है। एसपी रीष्मा रमेशन ने तटवर्ती क्षेत्रों में सतर्कता बरतने और किसी आपदा की स्थिति में 112 डायल कर सहायता मांगने की अपील की है।

**********************

**<u>संक्षिप्त खबरें</u>**

- नीति आयोग के मिशन निदेशक आनंद शेखर ने आज देवघर दौरे पर जल स्रोतों के संरक्षण और पुनरुद्धार कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने आकांक्षी प्रखंडों में स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला कल्याण और डिजिटल गांव जैसे क्षेत्रों में प्रगति पर चर्चा करते हुए लंबित योजनाओं के त्वरित निष्पादन के निर्देश दिए।
- रामगढ़ जिले में बढ़ते साइबर अपराधों पर नियंत्रण के लिए आज साइबर थानों का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर आईजी क्रांति कुमार गड़ीदेशी ने बताया कि जिले के सभी साइबर अपराधों की जांच अब रामगढ़ साइबर थाना द्वारा की जाएगी।
- कोडरमा पुलिस ने 15 जून को छपरा के व्यवसायी से हुई 80 लाख रुपये के सोने की लूट के मामले का खुलासा करते हुए पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

**********************